53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 23.8°c
अधिकतम 30.8 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:58, सूर्यास्त - 6:37 | वर्ष : 53/अंक : 244 बृहस्पतिवार, 04 सितम्बर 2025 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

हाथ की लकीरों की ताकत का अंदाजा इस बात से लगया जा सकता है की वे मुट्ठी में बंद होकर भी काबू में नहीं होती।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

भाजपा लोगों का इस्तेमाल करती है, फिर उन्हें बर्बाद कर देती है : अखिलेश यादव



ये सियासत की एक खूबी है.... कौन से दल में ये नहीं होता?......

## शहर के रिहायशी क्षेत्रों में न फैले बीमारी,

## 68 डेयरियों पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी

**मुजफ्फरनगर, 3 सितम्बर (बु.)।** पिछले कई वर्षो से शहर के बीच से डेयरियां हटवाने में प्रशासन पूरी तरह विफल रहा है। उक्त कवायद पूर्व सांसद संजीव बालियान ने शुरू की थी मगर तब भी प्रशासन शहर के बीच में बीमारियां दे रही डेयरियों को हटवाने में सफल नहीं हो पाया है। अब आम नागरिकों की शिकायत पर प्रशासन ने फिर से संज्ञान लिया है। नगर पालिका प्रशासन का बताना है कि लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के बीचोबीच कई स्थानों पर गोबर खुलेआम नालियों में बहता है तो कहीं इन डेयरियों के कारण मक्खी, मच्छर, कीड़े, मकौडे पनपनते दिखाई देते हैं। ऐसे में डेंगू जैसे भयंकर रोगों का भी खतरा लगातार मंडरा रहा है। पालिका ने एक्शन लेते हुए अब शहर की जनता को बीमारियों से बचाने के लिए 68 डेयरियों पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर ली है और 10 और डेयरियों को नोटिस दिये जाएंगे।

आपको बता दें कि नगरपालिका के अधीन आने वाले एकता बिहार जाकिर कॉलोनी में भी ऐसे ही कुछ मामले मिले हैं। जहां डेयरियों में जगह कम होने पर पशु ज्यादा संख्या में रखने और सफाई की धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। यहां कुछ दूध की डेयरियों की जांच करने पर पता चला कि एक-एक डेयरी में 70 से 80 तक भैंसे रखी जा रही हैं। ऐसे में पालिका के अधिकारी ने जांच की तो जानकारी सही पाई गई, जिसके तहत इनमें से 10 डेयरियों को नोटिस जारी करने की तैयारी है। अधिकारी ने खुद बुलेटिन तो जानकारी देते हुए बताया कि जब वो जांच करने गये, तो इनको प्रलोभन देने के साथ-साथ राजनीतिक डर दिखाया जाता है। यही नहीं कहा जाता है कि हम उस नेता को जानते हैं। हम उस अधिकारी को जानते हैं। इतना ही नहीं, कुछ का तो कहना होता है कि सरकार बदलने दो हम आपको देख लेंगे। इन बातों से एक बात तो साफ है कि जहां कुछ लोग गलती से सीख लेकर ऐसा ना करने दोबारा की कसम खाते हैं, कुछ पर तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत सही बैठ जाती है। यह डेयरी संचालक एक तो गलती भी करते हैं और दूसरा अधिकारियों को डर भी दिखाते हैं।

ऐसे में सोचने वाली बात है कि ऐसे कौन नेता हैं, जो ऐसे गलती करने वालों को शह देते हैं, क्योंकि जहां एक तरफ हम सामाज को सुधारने की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ ऐसे लोग समाज को भ्रष्टाचार को बढ़ाने के लिये आगे ले जाते हैं, परंतु ऐसे लोगों से डरने या घुटने टेकने के बजाये ऐसे लोगों का सच सामाज के सामने मुजफ्फरनगर बुलेटिन उजागर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।



### सरकार बदलने दो तुम्हें भी देख लेंगे योगी शासन में भी अधिकारियों को मिल रही हैं ऐसी धमकियां

**मुजफ्फरनगर।** अगर किसी को यह भ्रम हो कि योगी शासन में असमाजिक तत्वों के होसले कम हो गये हों तो हमारी नहीं सुनिये क्या कहते हैं सरकारी कुर्सी पर विराजमान कर्मचारी का बताना है कि जब वह खालापार के बीचोबीच यह नोटिस पकड़ाने गये कि उन्हें खुलेआम धमकी मिली कि इस सरकार में जितना रौब गालिब करना है, कर लो, जब सरकार बदलेगी, तो तुम जैसों को ठीक से देख लिया जाएगा। कर्मचारी की बातों से साफ अंदाजा हो रहा है कि असमाजिक तत्वों के होंसले अभी भी पूरी तरह से बुलंद हैं। मामूली सा डंक इस कारण से दबा हुआ है कि कहीं घर पर बुलडोजर फिरने का फरमान ना आ जाये। हो ना हो खुदा ना खास्ता अगर योगी सरकार 2027 में जरा भी दायें-बायें होती दिखाई दी कि जो असमाजिक तत्व कह रहे हैं, वो शायद हकीकत में ही हो जाये। सरकारी तंत्र को भा इसकी पूरी आशंका दिखाई पड़ रही है या यूं कहिये जो भी शक्स इनके गहरे संपर्क में आता है, उन्हें यह एहसास अपने आप हो जाता है कि असमाजिक तत्व सिर्फ धमकी ही नहीं दे रहे यदी योगी शासन इधर उधर हुआ तो जो वो कह रहे हैं वो करके भी दिखा देंगे।

### डेयरियों में पशुओं की संख्या का नियम

▶▶7-10 गायों को रखने के लिये कम से कम 1 एकड़ भूमि होनी चाहिये। ▶▶25-25 पशुओं को रखने के लिये कम से कम 10 एकड़ भूमि का होना जरूरी है। ▶▶शहरी क्षेत्र में कम से कम अगर अच्छी खुली जमीन हो तो ज्यादा से ज्यादा 20 से 22 भैंसे रख सकते हैं। ▶▶शहरी क्षेत्र की डेयरियों के संचालकों को प्रशासन द्वारा जारी सफाई के नियमों का पालन करना होता है।

## सहमी हुई हैं झोंपड़ियां बारिश के खौफ से, महलों की आरज़ू है कि बादल और बरसे

**मुजफ्फरनगर, 3 सितम्बर (बु.)।** पिछले चार दिनों से हो रही झमाझम बारिश से किसी को ये मौसम सुहाना लग रहा है तो किसी के झोपड़े टप-टप कर रहे हैं। जिला प्रशासन की माने तो अब तक जनपद में 13 से अधिक मकान ढह चुके हैं और अभी कई ऐसे गरीबों को अपने घर की छतें गिरने का खतरा हो रहा है, जिनकी छतें लगातार पानी से लबालब हैं और किसी भी क्षण गिरने को तैयार हैं। आज बुलेटिन की टीम रुडकी रोड स्थित झोंपड़ियों में पहुंची तो वास्तव में खुद ही मुंह से यह निकल पड़ा कि ए ऊपर वाले, अब बहुत हुआ, अब बदरा मत बरसा। शौचालय के नाम पर गड्ढा करके चारों ओर चार लकड़ी के डंडे गाड़कर उसे कपड़े की दीवार बनाकर वहां के लोक शौचालय जाते दिखे। बामुश्किल अपनी झोंपड़ियों को पन्नी से ढके न जाने झमाझम बारिश के बाद अपनी टपकती झोंपड़ियों में ये रात कैसे गुजारते होंगे क्योंकि बेशक आसमान से पानी के बचाव में इन्होंने पन्नी लगा ली हो मगर जमीन पर लेटना रातभर कितना भारी होगा, इसका अंदाजा शायद नहीं लगाया जा सकता। कब जलभराव हो जाए और सोने वाला गद्दा कब गीला हो जाए, यह भी कहना मुश्किल है। ऐसे में सच तो यही है कि अब ईश्वर से लोग प्रार्थना कर रहे हैं कि बस अब और बारिश की जरूरत नहीं है। जितनी होनी थी हो चुकी। वहीं महलों में रहने वालों को अभी और बारिश की तमन्ना है, क्योंकि इस मौसम का जो आनन्द है, वो शायद किसी मौसम का नहीं है। घर में बैठे चाय-पकौड़े खाकर लोग इन दिनों का पूरा लुत्फ उठाते हैं, क्योंकि भाद्रपद में श्रावण जैसा आनन्द खूब आ रहा है। ऐसे मौसम के लिए गीतकारों ने भी खूब गीत लिखे हैं। उनका आनन्द भी घरों में बैठे रहने वाले लोग खूब उठाते हैं मगर फिलहाल बेशक महलों में





रहने वाले अभी बारिश की ख्वाहिश कर रहे हों, लेकिन गरीब के घर गिरने लगे हैं। ऐसे में गरीब और मध्यम वर्ग के लोग बस यही दुआएं कर रहे हैं कि कामकाज, रोजगार और परिवार देखना है, इसलिए न जाने अब ये बारिश कब रुकेगी और कब आमदनी के जरिए दोबारा खुलेंगे और यह दहशत कब खत्म होगी कि कब उनकी कड़ियों वाली छत गिर न जाए।

## आज और कल बंद रहेंगे जनपद के सभी स्कूल-कॉलेज

**भारी बारिश के चलते डीएम ने किया अवकाश घोषित**

**मुजफ्फरनगर, 03 सितम्बर (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ समूचे उत्तर भारत में बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के चलते पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से समूचे उत्तर भारत में तबाही मची है। इस बीच मौसम विभाग के जारी अलर्ट के बीच यूपी एवं उत्तराखंड के कई जिलों में जारी भारी से अत्यधिक बारिश को लेकर जारी रेड अलर्ट के बीच डीएम उमेश मिश्रा जिले में सभी प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के साथ ही सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में 12वीं की छुट्टी गुरूवार की भी घोषित की गई है। प्रदेश के कई जिलों में रविवार रात से जारी झमाझम बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। भारी बारिश के चलते कई जनपदों समेत मुजफ्फरनगर जनपद में सभी स्कूल-कॉलेजों में गुरूवार को चौथे दिन भी बंद रहेंगे। जिले में भारी बारिश को देखते हुए डीएम उमेश मिश्रा के निर्देशों के बीच बीएसए संदीप कुमार ने गुरूवार को 12वीं तक के सभी स्कूल-कॉलेजों में इस बीच अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आदेशों का उल्लघंन किया गया तो संबंधित विद्यालय के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बता दें, गुरूवार चार सिंतबर को बरसात के चलते जिले में 12वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। इसके साथ ही शुक्रवार को भी सभी विद्यालय बंद रहेंगे, क्योंकि शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी यानि बारह वफात का गजेटिड अवकाश पहले से ही घोषित हैं। बारिश की बाधा नहीं रही तो शनिवार को विद्यालय खुलने की संभावना है।

### पुत्र से 70 हजार की ठगी, मां ने सदमे में तोड़ा दम

**बुढ़ाना, 03 सितम्बर (बु.)।** जब एक मां को ये पता लगा कि किसी सायबर ठग ने उसके पुत्र के बैंक के खाते से ऑनलाइन 70 हजार रुपये की नगदी साफ कर दी, तो वह यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाई और दम तोड़ दिया। घटना को लेकर परिजनों में चीख-पुकार मची है। बुढ़ाना पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के लुहसाना गांव निवासी सौरव राठी पुत्र राजबीर ने बुढ़ाना पुलिस को बीते मंगलवार को बताया था कि उसका भारतीय स्टेट व आईसीआईसीआई बैंक बुढ़ाना में अलग अलग खाते हैं। किसी अज्ञात ठग ने दोनों खातों से क्रमश 20 हजार व 50 हजार रुपये यानि 70 हजार रुपये अपने मोबाइल नंबर 8116620354 से हैक कर फोन-पे से किसी अज्ञात युवक दलजीत के खाते में भेज दिये, जिसकी जानकारी उसे कुछ देर बाद हुई। उधर आज बुधवार की सुबह जब मां ने अपने परेशान पुत्र सौरव को परेशानी में देखा और उससे इसका कारण पूछा, तो उसने ठग द्वारा 70 हजार रुपये की रकम खाते से साफ किए जाने की बात बताई, तो वह सदमे में आ गयी, जहां कुछ देर बाद सौरव की मां ने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को मिली, तो वह पीड़ित के घर पहुंची और उसे सांत्वना देकर अज्ञात ठग की तलाश शुरू कर दी। पीड़ित ने तहरीर में मां की मौत का कोई जिक्र नहीं किया, क्योंकि बीते कल ही तहरीर दी थी और आज मां की सदमे में मौत हो गई।

### पीलीभीत में समोसे की डिमांड पूरी न होने पर भरी पंचायत पति को पिटवाया

**पीलीभीत 03 सितंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में समोसा की डिमांड पूरी न होने पर पत्नी ने मायके वालों से भरी पंचायत में पति की पिटाई करवा दी। पूरी घटना पूर्व ग्राम प्रधान की उपस्थिति में घटी। पीड़ित युवक की मां की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दो महिला व दो पुरुष सहित चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी पुरनपुर प्रतीक दहिया ने पीड़ित विजय कुमारी एवं उसके पुत्र शिवम निवासी ग्राम आनंदपुर उर्फ भगवन्तपुर की लिखित शिकायत पर शिवम की पत्नी संगीता,उसकी माता ऊषा, पिता रामलड़ैते तथा मौसा रामोतार सहित चार के विरुद्ध बीएनएस की धारा 109 हत्या का प्रयास सहित मारपीट धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## लौट आए वैष्णो देवी भूस्खलन में घायल 19 श्रद्धालु

▶▶ पांच घायल सहित 19 यात्रियों की हुई घर वापसी ▶▶ 14 यात्रियों की बस और ट्रेन से तो पांच की हुई एम्बुलेंस से वापसी

**मुजफ्फरनगर, 03 सितंबर (बु.)।** माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए रामपुरी के सभी 19 श्रद्धालु अपने घर वापस लौट आए हैं। जिनमें दिवंगत दोनों सगे भाई दीपेश और अनंत के घायल पिता अजय कुमार माँ मोनी और बहन पूरवी और पड़ोस में रहने वाली डोली शामिल है। इस दौरान हमारे पत्रकार ने जब घायल अजय से बात की, तो उन्होंने अपनी आंखों देखा मंजर बया किया तो सुनकर सिहर उठे। अजय ने बताया कि, अचानक से यात्रा के दौरान बिजली कड़कने की तेज आवाज आई, और मलबा यात्रा वाले ट्रेक पर आ गया। भगदड़ और चीख-पुकार मची। देखते ही देखते मेरे सामने अंधेरा आ गया। अजय बताते हैं कि उन्हें जब होश आया तो वो

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

### अजय के घर की दीवारों पर दरारें अब और ज्यादा डराने लगी है

**मुजफ्फरनगर, 03 सितंबर (बु.)।** जम्मू के भूस्खलन में परिवार के दो बच्चों को खोने के बाद अब अजय अपनी बेटी के साथ पूरी तरह बिस्तर पर लेटा हुआ है उसकी निगाहों में उनके खुद के मकान की दरारें अब उसे डरा रही है। घर गहराई, छत कच्ची और दीवारों पर दरारों के साथ घर के अंदर पड़ा टांड़ झुकाव की और है ऐसे में अब हादसा झेल कर आएं अजय को डॉक्टर्स ने आराम की सलाह जरूर दी है लेकिन घर के हालात दयनीय स्थिति में बनी हुई है।













### 14 यात्रियों बस और ट्रेन से तो पांच की हुई एम्बुलेंस से वापसी

**मुजफ्फरनगर, 03 सितंबर (बु.)।** जम्मू के अस्पताल में भर्ती सभी घायलों की आज घर वापसी हो चुकी है। परिजन अब अपने बचे हुए लोगों को पाकर भगवान का शुक्रिया करते दिखाई दे रहे है। रामपुरी की रहने वाली यात्रा पर गई मासूम हनी और तुलसी की माँ राखी की माने तो सोमवार को हॉस्पिटल से छुट्टी मिलने के बाद वो मौहल्ले के 14 लोगों के साथ कटरा से बस के द्वारा जम्मू पहुंचे और जम्मू से बस के द्वारा ही अंबाला तक पहुंचे जहां सभी 14 लोगों ने अंबाला से मुजफ्फरनगर की ट्रेन पकड़ी और अपने घर पहुंचे। जबकि धर्मवीर सिंह अपनी पुत्रवधू डोली सहित घायल अजय, पूरवी और मोनी को लेकर मंगलवार की दोपहर एम्बुलेंस से निकले थे जो बुधवार की सुबह चार बजे अपने गृह जनपद मुजफ्फरनगर पहुंचे।

### भारत को और एस-400 डिफेंस सिस्टम देगा रूस

**मॉस्को, 03 सितंबर (एजेंसी)।** रूस और भारत के बीच एस-400 मिसाइल सिस्टम की खरीद बढ़ाने को लेकर बातचीत चल रही है। रूस की न्यूज एजेंसी ने एक सीनियर डिफेंस



ऑफिसर के हवाले से बताया कि रूस भारत को एस-400 की सप्लाई बढ़ाने के लिए तैयार है। 2018 में भारत ने रूस के साथ 5 एस-400 सिस्टम खरीदने की डील की थी। यह डील 5.4 बिलियन डॉलर थी। अब तक भारत को तीन एस-400 सिस्टम मिल चुके हैं और बाकी दो की डिलीवरी 2026-27 तक हो जाने की उम्मीद है। ये वही डिफेंस सिस्टम है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों को हवा में ही मारकर नाकाम किया था। शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के बीच बातचीत हुई थी।


### अखिलेश का करीबी सपा नेता टांड पर छिपा मिला

**कन्नौज, 03 सितंबर (एजेंसी)।** कन्नौज में अखिलेश यादव का करीबी सपा नेता कैश खां पुलिस से बचने के लिए टांड़ में छिप गया। गद्दा ओढ़कर लेट गया। पुलिस ने पूरे घर की तलाश ली, लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस लौटने वाली ही थी कि एक पुलिसवाले की नजर टांड़ पर रखे गए गद्दे पर पड़ गई। उसने कुर्सी पर चढ़कर गद्दा हटाया, तो सभी हैरान रह गए। उसमें सपा नेता लेटा हुआ था। पुलिसवालों ने उसे नीचे उतारा और अरेस्ट कर लिया गया। इसका वीडियो सामने आया है। दरअसल, डीएम ने गुंडा एक्ट में कैश खां को 28 जुलाई को 6 महीने के लिए जिला बदर घोषित किया था। बुधवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कैश खां चचेरे भाई के घर पर छिपा है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उसे पकड़ लिया।

## सीसीटीवी कैमरे की दुकान में लगी आग, 20 लाख रुपये का नुकसान

**मुजफ्फरनगर, 3 सितम्बर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के पटेलनगर स्थित बड़े डाकघर के पास लायंस क्लब के सदस्य अनिल कंसल के घर के बाहर बुधवार की सुबह उस समय हाहाकार मच गया, जब बेटे अनुभव कंसल की रामाकृष्णा एंटरप्राइजेज जोकि सीसीटीवी कैमरे की दुकान है में भयंकर आग लग गयी। उक्त घटना सुबह आठ बजे घटित हुई। आनन-फानन में दुकान का शटर उठाया तो दुकान का सामान पूरी तरह धधक रहा था। दुकान में रखे सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रानिक डोर लाक, इंटरकोम, डीवीआर, वीडियो डोर फोन, पीआईआर अलार्म सिस्टम समेत अन्य सामान पूरी तरह जलकर स्वाह हो चुका था। तुरन्त इसकी सूचना अनिल कंसल द्वारा दमकल विभाग को सूचना दी। सीएफओ अनुराग सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर तीन गाड़ियां भेजी गई। दमकल कर्मियों की तत्परता से एक गाड़ी से ही आग पर काबू पा लिया गया। शुक्र यह रहा कि किसी तरह के जनहानि नहीं हुई। दुकान स्वामी के अनुसार अनिल कंसल के अनुसार दुकान में रखा इलेक्ट्रोनिक सामान काफी महंगा था, जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया और लगभग 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। लाखों रुपये के नुकसान के चलते परिवार का माहौल





गमगीन बना हुआ है, क्योंकि दुकान को पुनः स्थापित करने में लम्बा समय लग जाएगा।

### पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर, 3 सितम्बर (बु.)।** वर्ष 2007 में गांव दधेडू के रहने वाले जयपाल की बहन की शादी जानसठ क्षेत्र के तिलौरा निवासी नरेन्द्र के साथ हुई थी। आरोपी पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शुरू से ही शक करता था और वह अपनी ससुराल में आकर ही पत्नी के साथ रहता था। एडीजीसी ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि 10 दिसम्बर 2017 को आरोपी पति अपनी पत्नी को लेकर जानसठ क्षेत्र के गांव गांव तिलौरा आया, उसके बाद वह धोखे से अपनी पत्नी को जंगल में ले गया और उसके शरीर पर पूरे 25 स्थानों से चाकू से प्रहार किया, मौके पर ही पत्नी की मौत हो गयी। हत्या करने के पश्चात आरोपी जंगल में जाकर छिप गया। परिजनों को शक हुआ तो परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी तो पुलिस ने आरोपी को जंगल से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर पत्नी का शव व हत्या में प्रयुक्त आला ए कत्ल चाकू बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। मामले की सुनवाई एडीजे प्रथम रविकांत की कोर्ट में हुई। बुधवार को कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा व छह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## सीएए के तहत केंद्र सरकार का फैसला, पाक-अफगानिस्तान-बांग्लादेश से 2024 तक आए अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे

**नई दिल्ली, 03 सितंबर (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने बुधवार को अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए वहां के अल्पसंख्यकों को राहत दी है। अब ये शरणार्थी (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) बिना पासपोर्ट के भारत में रह सकेंगे। केंद्र ने नागरिकता संशोधन कानून के तहत पासपोर्ट नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बताया कि इन समुदायों के लोग अगर वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के साथ भी आए थे और उनकी वैधता खत्म हो चुकी है, तब भी उन्हें रहने की छूट मिलेगी। पहले 2014 तक आए लोगों को परमिशन थी। केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को देशभर में सीएए लागू किया था। सीएए के तहत इसी साल मई में पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई थी।केंद्र ने आज के आदेश में साफ किया कि नेपाल और भूटान के नागरिकों को भारत आने-




जाने या यहां रहने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी, बशर्ते वे भारत में सीमा मार्ग से प्रवेश करें। यह व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रहेगी। हालांकि, अगर कोई नेपाली या भूटानी नागरिक चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग या पाकिस्तान से भारत आता है, तो उसके पास मान्य पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा। भारतीय नागरिकों को भी नेपाल या भूटान की सीमा से भारत आने-जाने के लिए पासपोर्ट या वीजा की आवश्यकता नहीं है लेकिन अगर वे नेपाल या भूटान के अलावा किसी अन्य देश से भारत लौटते हैं (चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग और पाकिस्तान को छोड़कर), तो उन्हें मान्य पासपोर्ट दिखाना होगा। भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के कर्मियों को जो ड्यूटी पर भारत में एंट्री या बाहर जा रहे हैं, उनके परिवार के सदस्यों को (अगर वे सरकारी परिवहन के साथ यात्रा कर रहे हों) पासपोर्ट या वीजा की जरूरत नहीं होगी।



